## 1. हिंदी विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 08 सितंबर, 2025

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के हिंदी विभाग द्वारा "**हिंदी राजभाषा पखवाड़ा**" के अंतर्गत आज निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन, सृजनात्मकता, आलोचनात्मक सोच तथा विश्लेषणात्मक कौशल का विकास करना था, ताकि वे अपने विचारों को प्रभावपूर्ण और सुसंगठित रूप में अभिव्यक्त कर सकें। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समकालीन विषयों पर अपनी दृष्टि प्रस्तुत की, जिससे उनकी भाषा अभिव्यक्ति, चिंतनशीलता और तार्किक दृष्टिकोण का परिचय मिला।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की अध्यापिका ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को निखारते हैं और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करते हैं। विजेता विद्यार्थियों को हिंदी उत्सव के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में हिंदी लेखन के प्रति गहन रुचि और उत्साह उत्पन्न किया तथा भाषा के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ बनाया।






**निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभगी**

## 2. हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दिनांक 09 सितंबर, 2025

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करना, उनके ज्ञान का विस्तार करना तथा उन्हें आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। प्रतियोगिता में हिंदी व्याकरण एवं साहित्य से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया और। प्रतियोगिता में स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र चुन्नी लाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ० दिनेश नेगी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और हिंदी भाषा के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति प्रेम और गर्व की भावना जागृत की, बल्कि भाषा की समृद्ध परंपरा और उपयोगिता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ० अरुण शर्मा व प्रो० सत पाल ने अहम भूमिका निभाई।






प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभगी

### 3. कविता वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता


दिनांक 10 सितंबर, 2025

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र, राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में **"हिंदी राजभाषा पखवाड़ा"** के अंतर्गत आज कविता वाचन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा, चिंतनशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता को नए आयाम प्रदान किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कविता वाचन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक, पर्यावरणीय तथा भावनात्मक विषयों पर अपनी स्वरचित कविताएँ प्रस्तुत की। श्रुति ठाकुर ने अपनी कविता **'विकास हो रहा है'** के माध्यम से नारी जीवन की विषमताओं, संघर्षों और विडंबनाओं को अत्यंत मार्मिकता से अभिव्यक्त किया, जिसके लिए उसे प्रथम स्थान से नवाजा गया। स्वप्निल सूर्यान ने '**महसूस करो तुम भी'** शीर्षक कविता में हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा और प्रकृति के दोहन पर गहरी चिंता व्यक्त की। उनकी भावपूर्ण और प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए उन्हें द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध समसामयिक विषयों पर तार्किक  और प्रभावी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। अपनी बुद्धिमत्ता, स्पष्ट विचार और वाक कौशल के दम पर दिव्यांश ने प्रथम स्थान हासिल किया। सुजल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्यों—डॉ. चंद्र वर्मा, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. अरुण शर्मा—द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और भावनात्मक अभिव्यक्ति का आधार है। उन्होंने हिंदी के स्वर्णिम भविष्य की ओर संकेत करते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हिंदी को न केवल अकादमिक रूप में बल्कि दैनिक जीवन में भी आत्मसात करें। इस आयोजन की सफलता में साहित्य परिषद के संयोजक डॉ. राकेश शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश नेगी, सत पॉल शर्मा सहित महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हिंदी राजभाषा पखवाड़ा






कविता वाचन प्रस्तुत करती प्रतिभागी

भाषण प्रतियोगिता में भाग लेता प्रतिभगी



## कविता वाचन स्पर्धा में श्रुति ठाकुर प्रथम

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी विभाग और साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी राजभाषा पखवाड़ा के तहत बुधवार को कविता वाचन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्रुति ठाकुर ने अपनी स्वरचित कविता विकास हो रहा है में नारी जीवन की विषमताओं को पेशकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वप्निल सूर्यान ने महसूस करो तुम भी प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांश प्रथम और सुजल शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में परिषद के संयोजक डॉ. राकेश शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. दीपक कपरेट, डॉ. हिमानी सक्सेना, डॉ. शिवानी खत्री, डॉ. चंद्र वर्मा, डॉ. विनोद कुमार डॉ. पूनम थापर, डॉ. अरुण शर्मा, सतपाल शर्मा सहित 150 विद्यार्थी मौजूद रहे। ब्यूरो

संजौली कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज



## कविता में श्रुति और भाषण में दिव्यांश प्रथम

सिटी रिपोर्टर-शिमला

सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कालेज में हिंदी विभाग व साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी राजभाषा पखवाड़ा के तहत बुधवार को कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस आयोजन की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डाक्टर भारती भागड़ा रही। राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार हेतु प्रतियोगिताएं करवाई गई। कला, बुद्धि और रचनात्मकता का अदभुत प्रदर्शन कर श्रुति ठाकुर ने अपनी स्वरचित कविता 'विकास हो रहा. है' में नारी जीवन की विषमताओं पर मार्मिक कविता प्रस्तुत कर कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर स्वप्निल सूर्यान ने अपनी कविता 'महसूस करो तुम भी' के माध्यम से हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा पर प्रकृति के दोहन पर भावमई कविता प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अपने बुद्धि, विवेक और वाक कौशल का अदभुत प्रदर्शन कर दिव्यांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही सुजल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो भारती भागड़ा ने हिंदी भाषा के स्वर्णिम भविष्य की ओर इंगित करते हुए इसे व्यवहार में लाने की लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस आयोजन में साहित्य परिषद के संयोजक डाक्टर राकेश शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष डाक्टर दिनेश नेगी, डाक्टर दीपक कपरेट, डाक्टर हिमानी सक्सेना, डाक्टर शिवानी खत्री, डाक्टर चंद्र वर्मा, डाक्टर विनोद कुमार, डाक्टर पूनम थापर, डाक्टर अरुण शर्मा, सत पॉल शर्मा व महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थी मौजूद रहे।

4. **राजभाषा पखवाड़ा: चित्र वर्णन प्रतियोगिता**

12 सितंबर, 2025

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत चित्र वर्णन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मक एवं आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करना था। प्रतिभागियों को कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित एक दृश्य के आधार पर कविता, निबंध, व्यंग्य और आलोचना जैसी विभिन्न विधाओं में अभिव्यक्ति प्रस्तुत करनी थी। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और भाषा-दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप परास्नातक प्रथम सत्र के छात्र मोहित कुमार ने प्रथम स्थान तथा स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

